B.A.(with Credits)-Regular-Semester 2012 Sem I

# BA12B-3 - Hindi Literature (Optional) हिन्दी-साहित्य

P. Pages : 2 **GUG/W/16/2819**

Time : Three Hours Max. Marks : 80

---

सूचनाएँ :- 1. ''सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) 'एक ओर द्रोणाचार्य ' नाटक की मूल संवेदना का सतर्क निरुपण कीजिए।

**अथवा**

आ) ''गुरु द्रोणाचार्य नाटक का मूल स्तंम्भ है।'' ---इस कथन के आधार पर गुरु द्रोणाचार्य का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**2.** निम्नलिखित समूहों में से **किसी एक** ही समूह के सभी अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

**समूह 'अ'**

क) मैं सोचता ही नहीं। सोचने से फायदा! लेकिन तुम हो न मिडिल क्लास के आदमी। हर छोटे सवाल को ग्लोरिफाई करोगे। हाहाकार मचाओगे। तुम्हें पूछता कौंन है!

ख) इस हद तक! नहीं, इससे भी आगे जा सकती है। प्रेसिडेंट साहब आखिर मालिक हैं, अन्नदाता हैं। उनका कॉलेज, उनकी मर्जी। इसीलिए तो कहता हूँ, नौकरी करनी है तो कान बंद कर लो। आँखें मूँद लो। मूँह खुला रखों-बोलने के लिए नही, रोटी खाने के लिए।

ग) वैसे भी कोन तैयार होता है? अब तुम्हीं बताओं, क्या मैं खुशी से नालायक कहलाता हूँ? पर कहलाता हूँ। नालायक कहलाने के बाद भी खुशी जाहिर करता हूँ। नौकरी जो करनी है। अब मेरी बात छोडो, अपनी सोचों। नौकरी छूटेगी तो परेशान कौन होगा? तुम्हीं न भोगेगा कौन? तुम! घर कौन चलाता है? क्या बुढापे को नरक बनाना है? खैर, इसकी भी कोई बात नहीं। लेकिन जान है,तो जहान है। जान तो बचानी होगी। छिः! क्या दिन आ गए हैं! मास्टर की जान भी खतरें में!

घ) वह आपको बडे-बडे निरर्थक शब्द थूकने वाला नपुंसक बुध्दिवादी कहता था। आपने सचमुच मुझे कहीं का नहीं रखा। मेरे सब भ्रम टूट गए। अब आपको चिंता करने की जरुरत नहीं होगी। कल शायद कोई सवाल ही न उठें।

**अथवा**

**समूह 'ब'**

च) विमलेंन्दु का साथ किसने दिया? सब बुजदिलों की तरह घर बैठे रहें। गुंडों ने बीच चौराहे पर उसकी जान ले ली क्या हुआ? उसने भी एक बड़े आदमी के लड़के को नकल करते पकड़ा था। एक तो आदमी गवाही देने जाता-सब सालें दुम दबाकर बैंठ गए।

छ) क्योंकि मै संसार के सबसे बड़े धनुर्धर को अपनी आँखों से देख चुका हूँ। भविष्य में जब कभी मुझे कोई संसार का सबसे बड़ा धनुर्धर कहेगा तो उस समय एकलव्य का गरम खून से सना हुआ पंजा मेरा मजाक उड़ाएगा । गुरुदेव, मैं अपनी अपराध-भावना को कभी नहीं जीत सकूँगाँ।

ज) क्या उनका डर स्वाभाविक नहीं? सोचते हैं, कल अखबार वालों को मालूम हो जाएगा। वे मसालेदार ढंग से खबरे छापेंगे। लोग घिनौने ढंग से उसका मजा लेंगे। जो नहीं हुआ है, वह भी मेरे मत्थे मढा जाएगा।

झ) तू द्रोणाचार्य है। व्यवस्था और सत्ता के कोड़ों से पिटा हुआ द्रोणाचार्य-इतिहास की धार में लकड़ी की ठूँठ की तरह बहता हुआ, वर्तमान के कगार से लगा हुआ सड़ा गला द्रोणाचार्य। व्यवस्था के लाइटहाउस से अपनी दिशा माँगने वाले टूटे जहाज सा द्रोणाचार्य।

**3.** निम्नलिखित में से **किसी एक** ही समूह के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **20**

**समूह 'क'**

त) उपन्यास और कहानी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

थ) प्रेमचंद का जीवन परिचय दीजिए।

द) कहानी के तत्व लिखिए।

ध) मीराबाई का अल्प परिचय लिखिए।

**अथवा**

**समूह 'ख'**

प) नाटक और एकांकी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

फ) खण्डकाव्य और महाकाव्य का आशय स्पष्ट कीजिए।

ब) रामकुमार वर्माजी का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

भ) अमृता प्रीतम की रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **10**

1) विमलेंन्दु को क्यों मारा गया था?

2) अरविन्द पर कौन सा आरोप लगा था?

3) अनुराधा की आत्महत्या का क्या कारण है?

4) द्रोणाचार्य गुरुदक्षिणा में एकलव्य से अँगूठा क्यों माँगते है?

5) चन्दू कौन था? उसे कॉलेज से क्यों निकाला गया था?

6) लीला की चरित्रगत विशेषता संक्षेप में लिखिए।

7) यदू का जीवन परिचय लिखिए।

8) द्रोणाचार्य की मृत्यु का क्या कारण था ?

9) विमलेंन्दु की पत्नी शहर छोड़कर क्यों चली जाती है?

10) गुरु द्रोणाचार्य मरते समय अश्वत्थामा की गोद में सिर रखकर युधिष्ठिर से क्या कहते हैं!

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **10**

1) अरविन्द को प्रिसिंपल क्यों बनाया गया?

2) एकलव्य के किस चमत्कार को देख गुरु द्रोणाचार्य प्रभावित हुए थे?

3) धृष्टद्युम्न निहत्थें गुरु द्रोणाचार्य पर आक्रमण किस कारण करता है?

4) कृपी कौन है?

5) भीष्म गुरु द्रोणाचार्य के घर क्यों आते हैं?

************

munotes.in